हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

13 भूमि पूजन व बैंक भवन की आधार शिला रखी



14 गिन्नी के लिए अलग से बनेगा पॉवर हाउस






## शहर में आज

- एमकेजेके कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर जारी रहेगा
- प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के लिए नगर निगम की टीम घर घर जाएगी
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाया जाएगा सुबह 9 से 11 बजे तक

## खबर संक्षेप

### एमए अर्थशास्त्र का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमए-इकोनोमिक्स वार्षिक डीडीई/सीडीओई प्रथम व दूसरे वर्ष की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### बीएड की प्रायोगिक परीक्षाएं 18 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड एडिशनल प्रथम वर्ष की प्रेक्टिकल परीक्षाएं 18-19 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र सीआर कालेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक, गौड़ ब्राहण कालेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक तथा वैश्य कालेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक में बनाए गए हैं। रोल नंबर के अनुसार परीक्षा केन्द्र का विवरण, आयोजन समय समेत विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल तक आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में एम.टेक तथा एम.फार्मेसी पाठ्यक्रम समेत कुछ अन्य स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एम.टेक तथा एम.फार्मेसी समेत अन्य पीजी पाठ्यक्रमों- एमए-म्यूजिक वोकल, एमए-म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार, एमए-हिन्दू स्टडीज, एमएड, एमए-संस्कृत, एमएससी-स्टैटिसटिक्स, एमटीटीएम, एमएचएमसीटी में एडमिशन के लिए 10 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। मेरिट लिस्ट 26 को जारी होगी।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज

**रोहतक।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए रोहतक सर्कल की उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के चेयरमैन व अधीक्षक अभियंता जेएस नारा की अध्यक्षता में 9 जुलाई को राजीव गांधी विद्युत भवन में बैठक आयोजित होगी। मीटिंग का आयोजन सुबह 11 से दोपहर बाद 1:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें ऐसे उपभोक्ता अपनी शिकायत रख सकते हैं, जिनका समाधान किया जाएगा।

# दिनदहाड़े 2 बजे के बाद सुनारियां के फाइनेंसर की हत्या, 6 गोलियां मारीं, चेहरे पर ईंट से हमला

■ पिता का आरोप-रुपये के लेनदेन में अजीत कॉलोनी के दो युवकों ने किया मर्डर ■ रवि बाइक लेकर घर से निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुराने शुगर मिल के पास अग्रसेन बैंक्वेट हॉल के पीछे सुनसान एरिया में दिन दहाड़े फाइनेंसर रवि की हत्या कर दी गई। वारदात सोमवार दोपहर 2 से शाम 4 बजे के बीच हुई। हत्यारों ने प्रोपर्टी डीलर के सिर, माथे और सीने में करीब 6-7 गोलियां दागीं। इतना ही नहीं, शव को क्षत विक्षत करने के लिए ईंटों से वार भी किए गए हैं। रवि के पिता देवेंद्र का आरोप है कि पैसे के लेन देन में उसके बेटे की हत्या की गई है। पिता ने पुलिस को शिकायत में अजीत कॉलोनी के प्रहलाद राठी और उसके भाई कृष्ण राठी पर हत्या करने का शक जताया है। पिता का आरोप है कि इन दोनों के साथ रवि का पैसों का लेन देन है। शक है कि प्रहलाद और कृष्ण ने अपने साथियों के साथ मिलकर रवि की हत्या की है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

■ पुराने शुगर मिल के पास अग्रसेन बैंक्वेट हॉल के पीछे सुनसान एरिया में मिला शव

सुनारियां गांव का रहने वाला 29 वर्षीय रवि खेती के साथ-साथ फाइनेंस का काम भी करता है। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे वह बाइक लेकर घर से निकला था। शाम करीब 4.20 बजे वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि अग्रसेन बैंक्वेट हॉल के पीछे खाली प्लाट में किसी का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद रवि के पिता देवेन्द्र को सूचना दी गई। पिता वारदात वाली जगह पहुंचे तो देखा तो पैरों तले की जमीन खिसक गई। रवि को गोलियां मारी गई थी और चेहरे पर ईंट से हमले के निशान थे। पिता ने दो लोगों और उनके साथियों पर हत्या का शक जताते हुए केस दर्ज करवाया है।



**रोहतक।** घटनास्थल पर जांच करती एफएसएल की टीम।



**रोहतक।** मोटरसाइकिल की जांच करती पुलिस।



**रोहतक।** घटनास्थल पर जमा राहगीर।

### एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए सबूत

हत्या की सूचना मिलने पर डीएसपी रवि खुंडिया व शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। हत्या की इस वारदात को देखते हुए पुलिस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है। एफएसएल टीम इंचार्ज सरोज दहिया ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए।

### गोलियों के छह खोल और ईंट बरामद

मौके पर शव के पास से गोलियों के 6 खोल व ईंट और मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। सभी को कब्जे में ले लिया गया है। हत्यारों ने रवि के चेहरे पर ईंटों से भी वार किए हैं। जिस जगह वारदात को अंजाम दिया गया, उसके पास सड़क से लोगों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन हत्यारे वारदात कर फरार हो गए।

### आसपास के सीसीटीवी खंगाले जाएंगे

पुलिस हत्या की वारदात को सुलझाने में जुट गई है। सबूत जटाए जा रहे हैं। पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की जाएगी। हत्यारे कौन थे और वारदात को अंजाम देने के बाद किस तरफ भागे इसकी जांच की जाएगी। पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी है।

## खरक जाटान की महिला से 18 हजार की साइबर ठगी

**महम।** खरक जाटान गांव की एक महिला से ठग गिरोह के सदस्यों ने 18 हजार रुपए अपने खाते में डलवा लिए। इस संबंध में महिला ने लाखनमाजरा थाने में शिकायत दी है।




पुलिस को दी शिकायत में खरक जाटान गांव निवासी शकुंतला पत्नी बिजेंद्र ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। जिसमें सामने वाले ने बताया कि गलती से उसके खाते में 20 हजार रुपये डाल दिए गए हैं। वे उनको गूगल पे से वापस कर दें। उसने गूगल पे पर पहले 8 हजार रुपये और बाद में 10 हजार रुपये भेज दिए। बाद में जांच की गई तो पता चला कि उसके पास कोई पेमेंट नहीं आई थी। उक्त व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। उसके खाते से 18 हजार रुपये धोखाधड़ी से अपने गूगल पे एकाउंट में डलवा लिए। पीड़िता ने पुलिस से अपने पैसे वापस दिलाने और आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 4 और 5 वर्षीय यूजी समेकित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरी काउंसलिंग कल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरी काउंसलिंग 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 10 को सुबह 9 बजे आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को संबंधित विभाग में सुबह 9 बजे रिपोर्ट करना होगा। दाखिला होने की सूरत में फीस 11 तक जमा करानी होगी। तीसरी काउंसलिंग के बाद भी सीटें बचती हैं तो रिक्त सीटों की सूची 12 को डिस्प्ले की जाएगी। चौथी काउंसलिंग 13 को आयोजित की जाएगी और फीस 14 तक जमा करानी होगी। कक्षाएं 15 जुलाई से प्रारंभ होंगी।



## बम निरोधक दस्ते ने खंगाला रेलवे स्टेशन

### दो घंटे तक का स्टेशन का कोना-कोना जांचा, डॉग स्कवायड टीम भी पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को बम निरोधक दस्ते ने डॉग स्क्वायड अभियान चलाया। स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन पर पुलिस की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से जांच हुई। दस्ते की टीम इंस्पेक्टर समशेर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को रेलवे स्टेशन पहुंची। इस दौरान डॉग स्क्वायड भी मौजूद रहा। टीम ने पहुचते ही प्रवेश द्वार पर छानबीन की।

■ स्टेशन पर पहुंची किसान एक्सप्रेस के यात्रियों की भी जांच की

इस दौरान जब टीम रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के लिए पहुंची तो किसान एक्सप्रेस आकर रुकी। एक्सप्रेस के पहुंचते ही टीम ने यहां पर आने वाले यात्रियों के सामान की तलाशी ली। ट्रेन गुजरने के बाद टीम ने बुकिंग हाल, माल गोदाम, पार्किंग में खड़े वाहनों, रेहड़ी, गमलों, डस्टबिन की जांच पड़ताल की। टीम ने यहां पर सुरक्षा कारणों से लगाए गए कैमरों का भी निरीक्षण किया, जो कि सभी सही ढंग से कार्य करते हुए मिले। टीम को देख कर हर कोई यात्री हैरान था कि पुलिस इतने बड़े स्तर पर अभियान क्यों चला रही है। वहीं यात्रियों ने पुलिस जांच की सराहना भी की।



**सांपला।** स्टेशन का निरीक्षण करती पुलिस की टीम।

#### सबकुछ ठीक मिला

जांच पड़ताल के बाद टीम प्रभारी ने कहा कि रेलवे स्टेशन की जांच में सब कुछ सामान्य मिला। ऐसे ही चेकिंग अभियान भविष्य में कई और जगह देखने को भी मिलेंगे।

## छात्र ध्यान दें, कॉलेज पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन करवाएं, नहीं तो दाखिला पक्का न समझें

■ फीस भरने का आज अंतिम दिन ■ ओपन काउंसिलिंग 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पहली मेरिट सूची जारी हो चुकी है। जिसके आधार पर महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। छात्र ऑनलाइन फीस भरने के बाद कॉलेज पहुंचकर डाक्यूमेंट की वेरिफिकेशन करवा रहे हैं। लेकिन कई विद्यार्थी ऑनलाइन फीस तो भर चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक कॉलेज में आकर अपने दस्तावेजों की जांच नहीं करवाई है। जब तक विद्यार्थी कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों की जांच नहीं करवाते उनका दाखिला प्रोविजनल माना जाएगा।

■ ऑनलाइन फीस भरने के बाद फिजिकल वेरिफिकेशन जरूरी

इसलिए पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर विद्यार्थी जिस कॉलेज में दाखिला ले रहे हैं वहां पहुंचकर दस्तावेजों की जांच करवाएं। जब तक फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं होगी तब तक दाखिला पक्का न समझें। जिन विद्यार्थियों ने फीस भरने के बाद अभी तक कॉलेज आकर दस्तावेजों की जांच नहीं करवाई है, उन्हें वेरीफिकेशन कमेटी फोन करके कॉलेज आने को बोल रही है ताकि उनके दस्तावेजों की जांच की जा सके और अगर कोई जरूरी दस्तावेज विद्यार्थी के पास नहीं है जो कॉलेज को चाहिए तो वह कॉलेज को वह दस्तावेज उपलब्ध करवा सके।

पहली मेरिट लिस्ट गत 5 जुलाई को जारी हुई थी। 9 जुलाई फीस भरने की आखिरी तारीख है। यानी विद्यार्थियों के पास फीस भरने के लिए केवल एक दिन और है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है और उन्होंने फीस अभी तक जमा नहीं करवाई तो वह मंगलवार को फीस जमा करवा दें। ताकि आगे की दाखिला संबंधी प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। अगर किसी विद्यार्थी ने फीस जमा नहीं करवाई तो उसका नाम पहली मेरिट लिस्ट से बाहर हो जाएगा और उसे दाखिला नहीं मिलेगा। इसके बाद उसे दाखिला लेने के लिए ओपन काउंसलिंग में भाग लेना पड़ेगा। ओपन काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी।



#### 6 घंटे ठप रहा सर्वर

सोमवर को विभाग का सर्वर छह घंटे ठप रहा। जिससे दाखिला प्रक्रिया से संबंधित काम प्रभावित रहा। बता दें कि पहली मेरिट लिस्ट के बाद विद्यार्थी ऑनलाइन फीस जमा करवा रहे हैं। ताकि उसके बाद की जरूरी प्रक्रिया को कॉलेज पहुंच कर पूरा किया जा सके और उनका दाखिला सुनिश्चित हो। सोमवार को सुबह 9:30 बजे 3:30 बजे तक सर्वर ठप रहा। इस दौरान विद्यार्थी ऑनलाइन फीस जमा नहीं करवा पाए। बता दें कि सरकारी महाविद्यालयों में फीस ऑनलाइन जमा हो रही है।

## राजीव गांधी खेल परिसर में भर्ती रैली बुधवार से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ 15 जुलाई तक विभिन्न पदों की भर्ती चलेगी
■ शॉर्टलिस्ट सेना की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करें

सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल दीपक कटारिया ने बताया कि अग्निवीर व नियमित श्रेणियों के लिए 10 से 15 जुलाई तक राजीव गांधी खेल परिसर में विभिन्न पदों के लिए सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

#### इन पदों पर भर्ती

कर्नल दीपक कटारिया ने बताया कि इन पदों में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडससमैन 10वीं पास व 8वीं पास, सिपाही फार्मा, सैनिक नर्सिंग सहायक, आरटी जेसीओ शामिल हैं। सामान्य प्रवेश परीक्षा में शॉर्टलिस्ट उम्मीदवार सेना की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय अथवा हेल्पलाईन नम्बर से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सलाह दी है कि सेना भर्ती प्रक्रिया पूर्णतय निष्पक्ष, पारदर्शी व योग्यता के आधार पर होती हैं। उम्मीदवार दलालों से सावधान रहें। रैली के दौरान शक्तिवर्धक या नशीली दवाओं का सेवन करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

# सहेली

बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।



## महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

### लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

### क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।

### कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।

### शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।



**क्या कहते हैं आंकड़े**

डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

### जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

### स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और काम-काजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें।

**टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा**

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

---

डाइट एडवाइस

शिखर चंद जैन

हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।



## कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है।

**ब्रेकफास्ट करने के फायदे**

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

---

## ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

**टिप्स**

आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।



- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।



- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं।

-सहेली फीचर्स

---

बिहेवियर / रेखा शाह आरबी

हम अक्सर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

## जब मन हो इरिटेट

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्रायः कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-

**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।



**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।



**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है।

इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा।

**कब लें डॉक्टर से सलाह**

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

---

लाइफस्टाइल / विनीता

आपके आस-पास जो भी लोग हैं, उनसे अपनेपन से जुड़ना जरूरी है। इससे आप जिंदगी में कभी भी खुद को अकेला नहीं महसूस करेंगी। हर मुश्किल का सामना आसानी से करेंगी। अपनों से आप कैसे जुड़ी रहें, जानिए।

## अपनों को देकर अहमियत जिंदगी बनाएं आसान



हम बिना समाज के अपनी कल्पना नहीं कर सकते। ऐसे ही नहीं कहा गया है 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।' हमारा परिवार, हमारे नाते-रिश्तेदार और मित्र, यहां तक कि आस-पड़ोस के लोग भी हमारा बहुत बड़ा संबल होते हैं। कठिन परिस्थितियों में इनकी सलाहें हमें सही राह दिखाती हैं। हम मुश्किलों से उबरते हैं। इनका साथ हमारे लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में कोई यह बोले, 'मुझे किसी की सलाह की जरूरत नहीं। मैं अपनी मर्जी की मालिक हूं। मुझे जो ठीक लगेगा वही करूंगी।' ऐसी सोच ठीक नहीं है। यह सोच आपको अहंकारी बनाती है। आप अपनों से दूर होकर, अपने जीवन में बहुत अकेली पड़ जाएंगी। इसलिए अपना व्यवहार कभी ऐसा ना रखें कि लोग आपको अहंकारी समझें। इस बात का ध्यान रखें, कहीं अनजाने में आप भी किसी ऐसी आदत की तो शिकार नहीं हो रही हैं, जो आपको अपनों से दूर कर दे। अगर आपको ऐसा लगता है, तो आज से ही अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अपने आस-पास के लोगों से जुड़ें, उनसे मिठास भरा रिश्ता बनाएं। इसके लिए आप कुछ बातों को अमल में लाएं-

**अपनों से लें सलाह:** आपको कोई ऐसा निर्णय लेना है, जो पूरे परिवार से जुड़ा है तो उसके बारे में परिवार के सभी सदस्यों को जरूर बताएं, उनकी राय लें। पति और घर के बुजुर्गों से तो राय लें ही, अगर आपके बच्चे टीनएजर हैं, तो उनसे भी सलाह लें। उनकी भी राय जानना भी आपके लिए जरूरी है। कई बार आप अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं, ऐसे में जब आप आस-पास के लोगों से उस समस्या के बारे में बातचीत करेंगी, आपके लिए उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस में जिनके साथ लंबे समय से काम कर रही हैं, आपके सीनियर हैं, किसी काम को शुरू करने से पहले इनसे विचार-विमर्श करें। वे अपने अनुभव के आधार पर आपको ऐसी सलाह दे सकते हैं, जो आपके करियर की सक्सेस के लिए जरूरी है।

**रिश्ते में आती है मजबूती:** जब आप अपनों से सलाह- मशविरा कर उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं, तो इससे आपके आपसी संबंधों में मजबूती आती है। दूसरा व्यक्ति भी जरूरत होने पर खुलकर आपके साथ अपनी भावनाओं की साझेदारी करेगा। यकीन मानिए, इस तरह के इमोशनल सपोर्ट जिंदगी के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

**अपनों को कराएं स्पेशल फील:** अपने प्रेममय व्यवहार से आप समय-समय पर अपनों को खास होने का अहसास दिलाती रहें। उदाहरण के लिए घर पर परिवार के सदस्यों से पूछें कि आज लंच या डिनर में क्या खाना पसंद करेंगे? उनकी पसंद के अनुकूल कोई डिश तैयार करें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। किसी वीकएंड पर आप उनके साथ उनकी किसी मनपसंद जगह घूमने जाएं, उनकी पसंद की मूवी भी उन्हें दिखा सकती हैं। इस तरह का आपका व्यवहार परिवार के सदस्यों का दिल जीतेगा।

**करें भावनाओं का सम्मान:** हो सकता है कि अपनों के लिए कुछ खास करने में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े फिर भी उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके अच्छे प्रयासों की सराहना करें। इससे उन्हें अच्छा महसूस होगा। वे भी आपकी भावनाओं का खयाल रखेंगे। इस तरह आप जब अपनों को अहमियत देंगी, उनका खयाल रखेंगी तो आपके रिश्ते हमेशा अपनेपन और प्रेम से भरे रहेंगे। आपकी जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राजकमल सहगल ने किया पौधरोपण

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल (राजू) सहगल और गायक अमित सैनी ने पौधरोपण किया। राजू ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है। सभी लोग शहर, प्रदेश और देश को बेहतर बनाने में योगदान दें। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं।

### छात्रावास की विवरण पुस्तिका का विमोचन

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय के तीनों छात्रावास की विवरण पुस्तिका का विमोचन सोमवार को प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने किया। इसमें छात्रावासों की सीट, फीस व अन्य नियमों की जानकारी उपलब्ध है। छात्रावास में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

### कास्ट कार्ड की राजनीति भाजपा का आधारः लवली

**रोहतक।** आप नेता लवलीन टुटेजा लवली ने रामगोपाल कॉलोनी में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस साल से प्रदेश मे भाजपा ने केवल कास्ट कार्ड की राजनीति की है। लवली ने कहा पिछले दस साल से प्रदेश भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है, आज भी जनता मूलभूत समस्याओं के लिए त्राही त्राहि कर रही है। प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी के लिए जनता लम्बी लम्बी लाइनों में लगी है, लेकिन प्रदेश के बडे.नेताओ को केवल अपने बच्चों को राजनीति कैसे स्थापित करना है इसकी चिंता है।

### साइक्लिस्ट ने पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**रोहतक।** नशे को ना समिति और सुनो नहरों कि पुकार मिशन के तत्वाधान में सर्किट हाउस से सेलंगा झज्जर तक साइकिल रैली निकाली। जिसमें किसी भी प्रकार का नशा न करने और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक, दीपक छारा, अजमेर रुड़की, मुकेश नैनकवाल का स्वागत प्लांटेशन के संयोजक राजेश डागर और ग्रामीणों ने किया।

### हरकोफैड ने 102 वां सहकारी दिवस मनाया

**रोहतक।** वीटा मिल्क प्लांट में दि हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंग लि. हरकोफैड द्वारा 102वां अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रिय सहकारी बैंक के चेयरमैन हरिश कौशिक रहे। वीटा प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार गहलावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ ने की मीटिंग

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ ने सोमवार को कार्यालय में मीटिंग की, जिसकी अध्यक्षता प्रधान संजय बिडलान ने की। उन्होंने कहा सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है, इसकी वजह से आंदोलन करने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन भी भेजा जिसमें मांगों को पूरा करने के लिए कहा गया है। प्रधान ने कहा कि मांगों को लेकर आयुक्त के साथ मीटिंग की जाएगी।

## विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर दिया समर्थन

# जून के वेतन समेत 21 मांगों को लेकर अब एमडीयू शिक्षक लामबंद, वीसी कार्यालय के बाहर धरना शुरू

**वेतन नहीं मिलने पर शिक्षकों ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक





रोहतक। कुलपति कार्यालय के बाहर धरना देते हुए शिक्षक संघ, कुलपति कार्यालय के बाहर धरना देते हुए गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत, पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया, पूर्व महा सचिव सुरेश कौशिक व संजय देशवाल।

सोमवार 8 जुलाई तक भी ए प्लस महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एमडीयू के शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने पर शिक्षकों ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस धरने को एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत, पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया, पूर्व महा सचिव सुरेश कौशिक, संजय देशवाल, मनीष कौशिक, राजेश सूद, परमिंद्र दलाल, योगेश बलाना सहित कई दूसरे और गैर शिक्षक कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया। धरना मंगलवार को भी जारी रहेगा।

शिक्षक संघ ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कुलपति के दफ्तर के सामने सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक धरना दिया। जिसमें अलग-अलग विभागों के करीब 80 शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों में अपने अनसुलझे मुद्दों को लेकर रोष है। अनेक बार लिखित में देने के बाद भी और 12 जून की वार्ता के बाद भी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मांगों पर उचित करवाई नहीं की गई है। जून की तनख्वाह अभी तक भी शिक्षकों और सुपरिन्टेंडेंट से ऊपर के गैर शिक्षक कर्मचारियों को नहीं मिली है। जिसको लेकर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों में रोष है।

### ये है मांग

- ▸▸ हरियाणा के सरकारी अनुदान प्राप्त ऐडेड महाविद्यालयों की तर्ज पर 100 प्रतिशत अनुदान राशि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों जिसमें बजटेड शिक्षक, सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत लगे शिक्षक, गेस्ट शिक्षकों की तनख्वाह एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों की तनख्वाह एवं रिटायर्ड शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों की पेंशन सरकार द्वारा वहन की जाए। विश्वविद्यालय में लगे कर्मचारियों और शिक्षकों के देने के लिए तनख्वाह और पेंशन के पैसे नहीं हैं तो 154 के करीब नई भर्ती जो विश्वविद्यालय प्रशासन ने निकाली हैं, उनकी तनख्वाह का इंतजाम विश्वविद्यालय प्रशासन कहां से करेगा। इसलिए नई भर्ती का विरोध भी तब तक किया जाएगा जब तक सरकार 100 प्रतिशत अनुदान विश्वविद्यालय को नहीं देगा।
- ▸▸ 11 नवंबर 2022 के बाद के करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत करीब 75 शिक्षकों की प्रमोशन रुकी हुई हैं, तुरंत प्रभाव से इन शिक्षकों की स्क्रीनिंग करके तथा इंटरव्यू करके पदोन्नति दी जाए।
- ▸▸ विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की शुरुआत हो। शिक्षक संघ यह मांग दो बार विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल से पास करवा कर सरकार को भेज चुका है।
- ▸▸ विश्वविद्यालय में सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत लगे हुए सभी शिक्षकों को बजटेड किया जाए।
- ▸▸ प्रशासन द्वारा गेट नंबर 2 के साथ पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शिक्षक संघ की मांग है कि तुरंत प्रभाव से बाहर के सभी वाहनों को वहीं खड़े करने के आदेश दिए जाएं।
- ▸▸ विश्वविद्यालय के आवासीय इलाकों में सुरक्षा बढ़े
- ▸▸ सीपीएएस गुरुग्राम एवं गणित विभाग में स्वपोषित स्कीम के तहत लगे शिक्षकों को पीजीबीओएस व यूजीबीओस एवम फिजिकल साइंस बोर्ड का मेंबर तुरंत बनाया जाए।
- ▸▸ माइनर प्रोजेक्ट्स की शुरुआत दोबारा से की जाए जो दो साल से रुके हुए हैं। अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण विभाग, द्वारा साल 2022-23 में जो माइनर प्रोजेक्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, उन्हें भी 2024 में शामिल किया जाए और दोबारा से आवेदन ना मांगे जाए।
- ▸▸ नेशनल कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए शिक्षकों को 100% विमान का किराया और होटल में ठहरने के लिए दो दिन का अतिरिक्त भुगतान मिले।
- ▸▸ विश्वविद्यालय में प्रैक्टिकल एवं पेपर सेटिंग एवं पेपर चेक करने की धनराशि बढ़े
- ▸▸ अगले साल से पीएचडी के दाखिले के दौरान जिन भी सुपरवाइजर्स ने अपनी अपनी सीट दी होगी उन सभी को पीएचडी के दाखिले की कमेटी में मेंबर के तौर पर शामिल हो।
- ▸▸ सरकार द्वारा नवंबर 2006 तक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई थी या विज्ञप्ति निकली थी उन सभी को पुरानी पेंशन योजना के तहत ट्रांसफर करने का निर्देश सरकार द्वारा दिया गया था, लेकिन यह निर्देश महाविद्यालयों तक सीमित कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन इस बात के लिए सरकार से बात करे ताकि इसका लाभ विवि में भी दिया जाए।
- ▸▸ सीपीएएस, गुरुग्राम के संदर्भ में पारदर्शिता पर गौर करना चाहिए। मैनेजमेंट और लॉ के अलग कोऑर्डिनेटर लगाए जाए। कार्यस्थल पर गरिमा और सम्मान के साथ काम करने का स्वस्थ वातावरण मिलने की मांग शिक्षिकों ने की है।
- ▸▸ एसी की सुविधा एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर तक के सभी शिक्षकों को मिले जैसा की 2017 में ईसी में पास हुआ था।
- ▸▸ साल 2017 से सेंट्रल हेल्पलाइन नंबर की सुविधा रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स की दिक्कतों को दुरुस्त करने के लिए शुरू की गई थी जो अब बंद है, वह दोबारा शुरू हो
- ▸▸ टाइप 3 फ्लैट्स में लिफ्ट की सुविधा एवं बचे हुए फ्लैट्स के लिए पार्किंग शेड बने।
- ▸▸ बच्चों के मयंक पार्क में स्केटिंग रिंग, स्विंग्स लगवाए जाए तथा पार्क की सुंदरता और देखभाल पर ध्यान केंद्रित हो 9 जे एवं टाइप 3 फ्लैट्स के सामने तिकोने पार्क की देखभाल हो
- ▸▸ हाउस अलॉटमेंट कमेटी की मीटिंग हर महीने करवाई जाए।
- ▸▸ रिटायरमेंट के बाद मकान तय 6 महीनों के लिए ही दे। एक्सटेंशन के बाद मकान की सुविधा न हो। रिटायरमेंट के बाद लगाए गए शिक्षकों से मकान उनके तय सीमा 6 महीने के बाद तुरंत खाली कराया जाए अन्यथा उन पर पीडब्ल्यूडी रेट से किराया वसूले।
- ▸▸ विश्वविद्यालय की दयनीय वित्तीय हालत को देखते हुए तुरंत लगाए गए सभी एडवाइजर, सभी प्रकार की विजिटिंग/एक्सपर्ट/रिटायरमेंट के बाद दोबारा लगाए गए शिक्षक/ कंसल्टेंट/ चीफ कंसल्टेंट्स/ एडवाइजर्स को तुरंत हटाया जाएं।
- ▸▸ हर प्रकार के गैरजरूरी खर्चे जैसे कि बिजली चालित वाहन का 1 करोड़ रुपए का ठेका, डीजल एवं पेट्रोल पर चलने वाले वाहन, एवं गैर जरूरी कंस्ट्रक्शन के काम जैसे कि प्रस्तावित साइकिल ट्रैक और उसमें म्यूजिक की व्यवस्था इत्यादि को तुरंत प्रभाव से रोका जाए।

# ब्लॉक समिति सदस्यों ने बीडीपीओ कार्यालय पर जड़ा ताला

**सांपला।** ब्लॉक समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को समिति के सदस्यों ने बीडीओ कार्यालय पर ताला जड़ दिया। चेतावनी दी अगर प्रशासन ने कार्य में सुधार नहीं किया तो वह दोबारा ताला जड़ने पर मजबूर होंगे। मामले की जानकारी सांपला से लेकर रोहतक में बैठे अधिकारियों के कानों तक पहुंची। करीब 3 घंटे बाद बीडीओ नरेश कुमार के आश्वासन पर ताला खोला गया। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि आपके सही कार्य करवाने का प्रयास किया जाएगा। कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से किसी को दिक्कत नहीं आएगी। ब्लॉक समिति के अध्यक्ष टीनू खत्री व उपाध्यक्ष सुनील मलिक ने सोमवार सुबह 11 बजे समिति सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें सभी ने शिकायत की कि प्रशासन की तरफ से उन्हें विकास कार्यों में कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा। कर्मचारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। कार्यालय स्टाफ के कुछ कर्मचारियों के प्रति नाराजगी जताई। समिति के प्रधान और उप प्रधान सभी सदस्यों के साथ कार्यालय के बाहर आ गए और कर्मचारियों को बाहर निकाल कर गेट पर ताला जड़ कर बाहर बैठ गए।



**तीन घंटे बाद पहुंचे बीडीओ**

करीब तीन घंटे बाद बीडीओ नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रधान की बात सुनी। प्रधान ने कहा कि कर्मचारी उनके काम नहीं कर रहे। उनकी कार्यप्रणाली सही नहीं है। इसलिए समिति के सदस्य नाराज हैं। बीडीओ ने आश्वासन दिया आपकी मांगों का समाधान किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद कार्यालय का ताला खोल दिया और उसके बाद कार्यालय में कामकाज शुरू हो पाया।

# लाखनमाजरा खंड में हुई 25 एमएम बरसात, धान रोपाई में आएगी तेजी

**रोहतक।** लाखनमाजरा खंड क्षेत्र में रविवार की रात 25 एमएम बरसात हुई। जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है। क्योंकि बिना बारिश धान की रोपाई नहीं हो पा रही थी। क्षेत्र के किसान जिन नहरों और माइनरों से फसलों की सिंचाई करते हैं,उनमें फिलहाल पानी नहीं है। अब बरसात होने के बाद रोपाई के कार्य में तेजी आ जाएगी। इसके अलावा जो किसान फसल रोप चुके हैं, उनकी फसल में भी बारिश के बाद बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी। क्योंकि तापमान में कमी आएगी। इधर महम और कलानौर का सूखा बीती रात को भी नहीं टूटा। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाकर बरसात होने का इंतजार कर रहे हैं। ध्यान ये भी रहे कि अब 9 से 11 जुलाई तक राज्य में बारिश न होने का पूर्वानुमान बीते रविवार को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जारी किया गया है। पूर्वानुमान बताया गया कि मानसून की दोबारा से सक्रियता 13 जुलाई से प्रारंभ होगी। उम्मीद है कि तब तक राज्य में अच्छी खासी बरसात होगी। अमूमन प्रदेश में जुलाई के तीसरे सप्ताह में काफी ज्यादा बारिश होती है। गौरतलब है कि जुलाई में अभी तक जितने बारिश होनी चाहिए थे, उससे करीब 34 प्रतिशत बरसात सोमवार शाम तक हुई है।






# एचडी स्कूल बहुअकबरपुर में छात्रों ने जाना मतदान प्रक्रिया का महत्त्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने मतदान द्वारा अपने सदन के कैप्टन व वाइस-कैप्टन का चयन किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने मतदान प्रक्रिया की बारीकी को समझा और उसी अनुरूप मतदान कर अपने सदन के कैप्टन व वाइस-कैप्टन का चुनाव किया। प्राचार्य दुलाल देब ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सभी छात्रों को मतदान प्रक्रिया से परिचित कराना है। इससे सभी छात्र मतदान के महत्त्व और अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे और भविष्य में दूसरों को भी मतदान का महत्त्व समझाकर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस प्रक्रिया को समझाने के लिए स्कूल परिसर में मतदान बूथ बनाए गए। छात्रों ने पूरे जोश व उमंग से इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने उम्मीदवार का नाम पेपर पर लिखकर मतदान पेटी में डाले।

# बैंक भवन की आधार शिला रखी



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान नवीन कुमार जैन ने महासचिव श्याम लाल गर्ग तथा गवर्निंगबाडी एवं कालिजियम सदस्यों और संस्था प्राचार्यो व स्टाफ सदस्यों के साथ सोमवार को भूमि पूजन किया एवं बैंक भवन की आधार शिला रखी। नवीन जैन ने कहा कि सोसायटी ने एचडीएफसी बैंक के साथ करार किया है, इससे फीस कलेक्शन आदि में सुविधाएं बढ़ेंगी और संस्था कर्मचारियों को भी अनेक तरह की सुविधाएं निशुल्क प्राप्त होंगी। इस अवसर पर गवर्निंग बॉडी सदस्य प्रमोद बंसल, सुभाष गुप्ता, प्रमोद गर्ग (सांपला) राधेश्याम गर्ग, सन्नी गोयल, राजेश नवल, अरुण कुमार आर्य, कालिजियम सदस्य सुनील जैन, राम अवतार गुप्ता, प्राचार्य राकेश गुप्ता, मनीश भारद्वाज, दीपक गोयल, सुषमा सुहाग, सोनिया गोयल, संजीव गुप्ता, डॉ. संजय गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बनाई आंदोलन की रणनीति, मंत्रियों के आवास पर डालेंगे पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मुख्यमंत्री द्वारा 2 जुलाई को सफाई कर्मियों के लिए की गई एक हजार रुपये मानदेय मामूली बढ़ौतरी से ग्रामीण सफाई कर्मियों में आक्रोश है। उन्होंने अपने आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाई। प्रभात भवन में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की प्रधान देवीराम की अध्यक्षता में हुई राज्य कमेटी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि भाजपा सरकार सफाई कर्मियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रही। 17 साल से कच्ची नौकरी की मार झेल रहे सफाई कर्मियों को इस विधान सभा चुनाव से पहले पक्के होने की उम्मीद थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने सफाई कर्मियों को पक्का करने की बजाय केवल 1000 रुपये की मामूली सी बढ़ौतरी करके जले पर नमक छिड़कने का काम किया है।

**दस जुलाई से शुरू होगा आंदोलन**

यूनियन महासचिव ने कहा कि अब हरियाणा के 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे। आगामी आंदोलन की घोषणा करते हुए 10 व 11 जुलाई को सीटू के बैनर पर सभी जिलों में एक दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। 12 से 17 जुलाई काली पट्टी और बैज लगाते हुए ब्लॉक स्तर पर सरकार की शवयात्रा, पुतलादहन करके विरोध सप्ताह मनाया जाएगा। 21 जुलाई को कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के फरीदाबाद आवास पर जोनल प्रदर्शन किया जाएगा। 22 से 30 जुलाई तक राज्य प्रधान देवीराम पलवल, मेवात, फरीदाबाद और गुड़गांव व सोनीपत में, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बसाऊ, कैथल, पानीपत और जींद, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और झज्जर में उप महासचिव जोगिन्दर सिंह अम्बाला पानीपत और करनाल में एवं महासचिव विनोद कुमार सिरसा, फतेहाबाद, हिसार भिवानी, दादरी और रोहतक में जत्था अभियान का नेतृत्व करेंगें। राज्य भर में ये पांच जत्थे चलाते हुए ब्लॉक स्तर पर आमसभा और जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



रोहतक। ककराना में मिशन ग्रीन ककराना टीम ने गांव के सरकारी स्कूल में स्कूल के अध्यापकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने स्कूल के 10 बच्चों को एक-एक पेड़ गोद दिया, जिनकी वह देखभाल करेंगे। स्कूल के अलावा भी अन्य जगहों पर पौधरोपण किया गया। वन विभाग कर्मचारी सुभाष सुधा ने कहा कि सभी पेड़ लगाने में सहयोग करें ताकि गांव को ग्रीन पार्क बनाने का जो सपना है वो पूरा हो सके। इस अवसर पर सत्यवान हवलदार, टोनी, डॉक्टर मुकेश शर्मा, दिलबाग प्रजापत, भूपेंद्र प्रजापत, लीला पहलवान, शुभम, नीटू पहलवान, मनीष, कालू, कृष्ण स्वामी, हर भगवान वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी राहत कोष बनाने की उठाई जाए

# व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन हो

- हरियाणा व्यापार मंडल ने सीएम को भेजा 21 सूत्रिय मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विजय लक्ष्मी चन्द गुप्ता ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हरियाणा के व्यापारियों में सरकार के खिलाफ नाराजगी है। गुप्ता ने बताया कि पिछले 9:30 वर्ष में सरकार ने अनाज मंडियों और आढ़तियों को समाप्त करने के लिए परेशान किया। जीएसटी लगने के बाद भी हरियाणा में आज भी मार्केट फीस जो की त्यों बनी हुई है। यदि सरकार आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने आप को तीसरी बार स्थापित करना चाहती है तो सबसे पहले व्यापारियों, मंडी में बैठे आढ़तियों के दिलों को जीतने का प्रयास करें। उनकी समस्या का निदान करे। उन्होंने मांग की है कि हरियाणा में व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन हो, व्यापारी राहत कोष की स्थापना हो, व्यापारियों को पेंशन की योजना लागू करें और व्यापारी को टैक्स कलेक्टर का दर्जा प्रदान करें। उद्योगों को डीजल जनरेटर पर रोक लगाने से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय पर कंपनियों में माल के ऑर्डर पूरे न होने पर कंपनी उन्हें ब्लेक लिस्ट में डाल रही हे। सरकार गैस रहित जनरेटर पर सब्सिडी दे और डीजल जनरेटर उचित दाम पर बिकवाने या गैस कंपनी से कम कीमत पर गैस कीट लगवाने की व्यवस्था करे।

**मांग पत्र**

- ▸▸ व्यापारियों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो
- ▸▸ शहरों और मुख्य बाजारों में सरकार अपने खर्चे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए
- ▸▸ मुख्य बाजारों में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए।
- ▸▸ मार्केट फीस समाप्त किया जाए या अधिकतम एक प्रतिशत मार्केट फीस रखी जाए
- ▸▸ व्यापारियों की क्षतिपूर्ति योजना के लिए जिला स्तर पर कैंप लगाए जाएं।
- ▸▸ व्यापारियों की पेंशन योजना लागू की जाए
- ▸▸ किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर व्यापारिक क्रेडिट कार्ड जारी किया जाए।
- ▸▸ व्यापारियों के आर्म लाइसेंस सरल तरीके से दिए जाए।
- ▸▸ भामाशाह जयंती 29 जून को राष्ट्रीय सत्र पर व्यापारी दिवस घोषित किया जाए।
- ▸▸ सरकारी कार्यालय में व्यापारियों को बैठने के लिए अलग से कक्ष की स्थापना की जाए।
- ▸▸ जिला स्तर पर व्यापारी भवन बनवाने के लिए सरकारी दाम पर हरियाणा व्यापार मंडल को जमीन उपलब्ध कराई जाए
- ▸▸ नगर निगम और नगर पालिका में आईडी को लेकर आ रही समस्या दूर हो
- ▸▸ जीवन रक्षक दवाइयां पर जीएसटी समाप्त किया जाए।
- ▸▸ शहरों में पर्याप्त स्थान पर पार्किंग स्थल बनाए जाएं।
- ▸▸ व्यापारियों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटने पर उचित मुआवजे की व्यवस्था हो
- ▸▸ व्यापारियों के लिए पेंशन मेडिकल सुविधा का प्रावधान भी किया जाए।

# उत्साह के साथ मनाया अलंकरण समारोह




**रोहतक।** आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा में अलंकरण समारोह मनाया गया। इस दौरान युवा आर्यनस ने छात्र नेतृत्व की भूमिका निभाने और स्कूल द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ ली। अलंकरण समारोह में कमल को हैड बॉय, व्रतिका को हैड गर्ल तथा शरीन को खेल कप्तान नियुक्त किया गया। अरावली सदन का कप्तान निशांत व काफी, हिमालय सदन का कप्तान आर्यन व गायत्री, विंध्य सदन का कप्तान शौर्य व अर्पिता और नीलगिरी सदन का कप्तान अमन व कनिका को नियुक्त किया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशिका अनीता सिंह, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रेसिडेंट तेजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, हरेन्द्र पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव खरक जाटान उप- तहसील लाखन माजरा, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र योगेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना

**राठी आंखों का हस्पताल**

राठी आंखों का हस्पताल, सेक्टर 2P, नजदीक देव भूमि मंदिर, रोहतक
M. 9991114095

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राठी आंखों का हस्पताल अपने 31 जुलाई 2018 से 02 सितंबर 2021 तक के मेडिकल रिकॉर्ड 03 अगस्त 2024 को हस्पताल की पॉलिसी के अनुसार नष्ट करने जा रहा है। यदि किसी को इस अवधि के दौरान का कोई भी दस्तावेज आवश्यक हो तो वह हस्पताल से संपर्क कर सकता है। इसके उपरांत हस्पताल उपरोक्त तिथि के किसी भी दस्तावेज के किए उत्तरदाई नहीं होगा।

निदेशानुसार
डॉक्टर मुकेश राठी
निदेशक, राठी आंखों का हस्पताल

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### बीएमयू में छात्रवृत्ति परीक्षा 11 व 12 को

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विवि में 11 और 12 जुलाई को विज्ञान संकाय में यूजी और पीजी में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजित करेगा। परीक्षा में उपस्थित होने वाले कुल उम्मीदवारों में से पहले 10 प्रतिशत को दी जाएगी और छात्रवृत्ति फीस का 25 प्रतिशत होगी। छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। यह परीक्षा 11 से 12 बजे तक विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ब्लॉक नंबर-छह में होगी। छात्र विश्वविद्यालय में आकर या फिर वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल ने बताया कि विवि द्वारा में छात्रवृत्ति के लिए जो विषय शामिल किए गए है उनमें बीएससी में लाइफ साइंस, फिजिकल साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, होम साइंस व एमएससी में बॉटनी, केमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, जूलॉजी, मैथमेटिक्स, फिजिक्स और होम साइंस हैं।



### इंडो यूएस सिविल न्यूक्लियर डील पुस्तक का विमोचन

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विवि में कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने इंडो यूएस सिविल न्यूक्लियर डील पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने पुस्तक की लेखिका व शोधार्थी सोनिका काद्यान और लोक प्रशासन विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ मंजीत कुमार को इस उपलब्धि की बधाई दी। कुलपति ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह पुस्तक उपयोगी होगी। डॉक्टर मंजीत कुमार ने बताया कि यह पुस्तक विद्यार्थियों को अच्छे अंक के साथ विषय का गहन ज्ञान भी प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए भी यह काफी उपयोगी होगी। पुस्तक विमोचन के दौरान रजिस्ट्रार डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. नवीन कपिल, डीन डॉ बीएम यादव, एचओडी डॉ ब्रह्मप्रकाश, डॉ. बरुण झा, लॉ विभाग से डॉक्टर माल्या और हर्ष सैनी व डाइट मदीना से डॉक्टर सुनील खोखर आदि मौजूद रहे।

# जिप बैठक में सरपंच रहेंगे मौजूद तैयार करवाएंगे कामों का खाका

## जिला परिषद सदस्यों का धरना रहा कारगर, चेयरमैन ने बुलाई हाउस मीटिंग

24 जुलाई को जिला परिषद की मीटिंग सुबह ग्यारह बजे जिला विकास भवन में होगी।



अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जिला परिषद की बैठक में अब सरपंच भी मौजूद रहेंगे। इस बारे में सरकार ने हिदायतें जारी कर दी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के लिए सरपंचों को भी बैठक में बुलाने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए 24 जुलाई को जिला परिषद की मीटिंग सुबह ग्यारह बजे जिला विकास भवन में होगी।

भविष्य की बैठकों में उन्हीं गांवों के सरपंच ही शामिल रहेंगे, जिनके गांव के विकास का प्लॉन जिला परिषद तैयार करेगी। ध्यान रहे कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्रामीण विकास तीन स्तर पर करवाया जाता है। इनमें गांव स्तर पर ग्राम पंचायत, खंड स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद गांवों के विकास करवाती हैं।

अब तक जिला परिषद कोई भी गांवों से संबंधित काम करवाती थी तो उसमें सरपंच को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था। लेकिन अब सरपंच की संस्तुति पर ही विकास कार्य करवाएं जाएंगे। अब तक जिला परिषद की मीटिंग में केवल जिला परिषद सदस्य, और पंचायत समिति के चेयरमैन मौजूद रहते थे। जिला परिषद की मीटिंग की तारीख मुकर्रर करने के लिए सोमवार को फिर पार्षदों ने विकास भवन के बाहर सुबह नौ बजे धरना शुरू किया। शाम को जब चार बजे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा बैठक की तारीख 24 जुलाई निश्चित की गई तो पार्षदों ने धरना संपन्न करने की घोषणा की। पार्षदों ने गत सप्ताह भी इसी मांग को लेकर धरना दिया था। इस धरने के बाद परिषद की अध्यक्ष ने उनके कार्यकाल द्वारा करवाए गए कार्यों की जानकारी दी। लेकिन अध्यक्ष ने मीटिंग तय नहीं की। जबकि पार्षदों ने मीटिंग करवाने की मांग को लेकर धरना दिया था। पार्षदों ने अध्यक्ष को दो दिन का अल्टीमेटम दिया था कि अगर सदन की बैठक की तारीख तय नहीं होगी तो फिर से धरना शुरू किया जाएगा। इसी कड़ी में पार्षदों ने सोमवार को धरना दिया।

### विकास के लिए ये हैं एजेंडे

- ▶▶ सरकार की नवीनतम हिदायतों के अनुसार एसएफसी में करवाए जाने वाले नए कार्यों को स्वीकृत
- ▶▶ पूर्व में दिए गए विकास कार्यों को, जन संवाद में लिए गए कार्यों, एमपी
- ▶▶ एमएलएड स्कीम में पूर्व में लिए गए स्वीकृत कार्यों की, जेडपीडीपी प्लान 2024-25 में शामिल करने जिन विकास कार्यों के फाइनल ऐस्टीमेट तैयार हो चुके हैं, उन सभी की प्रशासनिक स्वीकृति देने
- ▶▶ जिला परिषद द्वारा एसएफसीके अर्न्तगत उपलब्ध धन राशि की वर्तमान स्थिति प्रदान करने बारे
- ▶▶ जिला परिषद की पूर्व बैठक में जो भी विकास कार्य कियान्वित किये गये हैं या किए जा रहे है उनकी प्रगति रिपोर्ट पेश करने बारे ।
- ▶▶ जिन विकास कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति ई टेंडरिंग लगाने के लिए दी गई थी,यदि किसी कारणवश टेंडर नहीं लगे तो अधिकारियों से स्पष्टीकरण बैठक में लिया जाएगा।

### यह था विवाद

पार्षदों और जिला परिषद की अध्यक्ष मंजू हुड्डा के बीच कई दिन से विवाद चला रहा था। विवाद की जड़ में थे करीब 16करोड़ रुपये। अध्यक्ष कह रही थी कि सभी पार्षद अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची उन्हें सौंप दें। ताकि विकास कार्यों करवाने की प्रक्रिया शुरू करवाई जा सके। लेकिन पार्षद इस बात पर अड़ गए कि वे विकास कार्यों की सूची ऐसे नहीं देंगे। बल्कि इसके लिए जिला परिषद की मीटिंग बुलाई जाए। इस मीटिंग में जो तय होगा, उसके मुताबिक ही कार्य करवाने का अनुरोध पार्षद अध्यक्ष कर रहे थे।

# शिक्षा भारती में लगाया एनीमिया जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ बच्चों को हरी सब्जियां व फल खाने के लिए प्रेरित किया

जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए भारत विकास परिषद रोहतक शाखा की ओर से निशुल्क एनीमिया जांच शिविर लगाया गया।

शिविर में सभी बच्चों का एनीमिया (रक्त) जांच किया गया। बच्चों को हरी सब्जियां व फल खाने के लिए प्रेरित किया गया। रक्त की कमी को पूरा करने के लिए क्या-क्या खाएं इसके बारे में भी बताया गया। रक्त निर्माण के आवश्यक घटकों के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही सभी आचार्यों का भी एनीमिया टेस्ट किया गया।

शिविर में एएनएम नैना, सरोज, भारत विकास परिषद की ओर से विजय कुमार गुप्ता, दिनेश बिंदल, गणपत राय गोयल, विक्रांत शर्मा, विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से (अध्यक्ष ) वेद प्रकाश सेतिया,(कोषाध्यक्ष) अंकुश जसपाल, पुष्पदीप डागर, विद्यालय प्राचार्या आशु साहनी आदि उपस्थित रहे।

# एमएस सरस्वती स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ पपांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

गोकर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कक्षा पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक गतिविधियों का विकास करना रहा। विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी इस प्रदर्शनी को देखने के लिए आमंत्रित किया गया अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की।

### निदेशक ने की प्रशंसा

विद्यालय के निदेशक हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने भी बच्चों के कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक अरोड़ा व बाबा सुखा शाह महाराज। फोटो : हरिभूमि

## 105 लोगों ने रक्तदान किया

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 105 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक अरोड़ा रहे। अशोक अरोड़ा ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्त दान करने से शरीर की अनेक बीमारियां खत्म होती हैं, शरीर स्वस्थ रहता है। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश लाल अरोड़ा, पुनीत साहनी, पंकज कपूर, अनुज चावला, डाक्टर तिलक भूटानी, अशोक कत्याल, बलदेव मिड्डा, अमित मक्कड़, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में आईं 84 शिकायतें



**रोहतक।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार और एसपी हिमांशु गर्ग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लघुसचिवालय में सोमवार को समाधान शिविर में उपायुक्त अजय कुमार और एसपी हिमांशु गर्ग ने शिकायतें सुनीं और मौके पर ही निपटारे के आदेश दिए।

दोपहर तक 84 शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंची। उपायुक्त अजय कुमार ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता जेएस नारा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा ने भी लोगों की शिकायतें सुनी।

**लोगों को न लगाने पड़े कार्यालयों के चक्कर:** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस सुबह 9 से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं।

## युवक से स्कूटी और 2 लाख 75 हजार रुपये लूटे



**रोहतक।** छोटूराम चौक के पास हुडा कॉम्पलेक्स में युवक से स्कूटी व स्कूटी में रखे 2 लाख 75 हजार रुपये लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में तरुण वर्मा ने बताया कि रेवले रोड स्थित सुनारो वाली गली का रहने वाला हूं। मैंने दुकान स्वास्तिक ज्वैलर्स के नाम से रेलवे रोड पर की हुई है। विजय नगर निवासी कपिल मेरी दुकान पर काम करता है। मेरे पिता ने एक चेक बैंक का खाते में 2 लाख 75 हजार रुपये भरकर ड्रा कराने के लिए कपिल को स्कूटी पर देकर भेजा था। करीब 4 बजे मेरे पिता ने कपिल को फोन किया तो कपिल ने बताया कि स्कूटी छीन ली है। कपिल ने बताया कि तीन युवक बाइक पर मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और मेरी स्कूटी के सामने टक्कर मारकर जबरदस्ती मेरे साथ मारपीट करके मेरी स्कूटी व उसमें रखे हुए पैसे 2 लाख 75 हजार छीनकर ले गए।



## नाकाबंदी के दौरान वाहनों की गहनता से करें चेकिंग

रोहतक। पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी हिमांशु गर्ग ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए। परेड में जिला रोहतक के सभी प्रभारी थाना-चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला में तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया। एसपी हिमांशु गर्ग ने पुलिस अधिकारियों-जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला पुलिस द्वारा समय-2 पर नाके लगाए जाते है। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की गहनता से चैकिंग करें। सभी नाकों पर पुलिस जवान हथियार, वाकी टाकी सैट व अन्य आधुनिक उपकरण सहित तैनात होंगे। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करें। दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। समय-2 पर अल्कोहल सैंसर के नाके लगाए। शराब का सेवन कर वाहन चला रहे वाहन चालको के चालान काटे। सार्वजनिक स्थान पर हुडदंग-हंगामा करने वाले से भी सख्ती से निपटा जाए। कानून व शांति व्यवस्था को कायम रखने के पुख्ता बंदोबस्त करें।इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रजनीश, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे है।

## नालों की सफाई के लिए चलाया अभियान निगम आयुक्त ने मांगी स्टेट्स रिपोर्ट

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा मानूसन के आगमन को देखते हुए नालों की सफाई के कार्य में तेजी लाई गई। ठेकेदार और निगम की टीमें रोजाना सफाई अभियान चला रही हैं। इस दौरान जेसीबी की मदद से स्लैब हटवाकर सफाई करवाई जा रही है ताकि बरसात के दौरान शहर में कहीं जलभराव की समस्या न आए। बाजारों में भी सफाई शुरू करवाई गई है। साथ ही निगम आयुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों से सफाई कार्य की स्टेट्स रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कार्य को जल्द पूरा किया जाना चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निगम के अधिकारियों ने बताया कि सफाई कार्य के लिए ठेका दिया गया है। इसके तहत टीम नालों की सफाई करवा रही है। कर्मचारियों ने झज्जर रोड, रुपया चौक, आर्य नगर, किला रोड सहित कई बाजारों और बड़े नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया। इस दौरान करीब 40 नालों की सफाई करवाई जाएगी। हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन के साथ वीसी पर मीटिंग की थी। जिसमें रोहतक में किए जा रहे बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की गई और नए कदम उठाने के लिए निर्देश दिए गए थे। मुख्य सचिव ने अधकारियों को कहा था कि बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही न बरती जाए।

## सप्तक ने गधा सीरीज के तीसरे नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का किया मंचन



**रोहतक।** सप्तक कल्चरल सोसायटी, पठानिया वर्ल्ड कैंपस और सोसर्ग द्वारा घर फूंक थिएटर में सप्तक के कलाकारों ने नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का मंचन किया। सोसर्ग स्टूडियो में प्रस्तुत नाटक साहित्यकार कृष्ण चंदर की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक धोबी का गधा गुम हो जाता है। पूरी प्रस्तुति के दौरान वह और उसके साथी गधे को ढूंढते हुए भटकते हैं। गधे के गुम होने की रिपोर्ट पुलिस में लिखवाते हैं। लेकिन गधा नहीं मिलता। आखिर में उन्हें गधे की लाश मिलती है और नाटक का दुखद अंत होता है।

इस दौरान गधे के बारे में बड़ी दार्शनिक बातें होती हैं। गधे की तुलना राजनेताओं, थिएटर व फिल्म कलाकारों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों आदि से की जाती है। कभी कभी तो लगता है कि कलाकार गधे के माध्यम से इंसानों के गधेपन को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। कभी गधे को इंसान से श्रेष्ठ दिखाने के तर्क दिए जाते हैं। नाटक में एक युवती तो गधे से शादी करने को तैयार हो जाती है, क्योंकि उसको लगता है गधे से बढ़क़र मेहनती और चुपचाप काम करते रहने वाला सीधा साधा पति उसे और कोई मिल ही नहीं सकता। वह कहती है कि गधे जैसा पति तो बड़े भाग्य से मिलता है। नाटक में वर्तमान सामाजिक व्यवस्था, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, इंसानों के दोगलेपन पर भी गहरे कटाक्ष करता है। एक पाकिस्तानी पात्र के माध्यम से पाकिस्तान की स्थिति पर भी खूब व्यंग्य किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### भाजपा नेता ने एसडीओ के साथ मिलकर सुनीं समस्याएं

# दतौड़-गिझी के लिए बनेगा अलग पावर हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

गांव दतौड़-गिझी के लिए अलग से बिजली पॉवर हाउस बनाया जाएगा। अगर योजना सिरे चढ़ती है तो आगामी 6 महीने में पॉवर हाउस बनकर तैयार हो जाएगा। जिस पर लाखों रुपये खर्च आएगा। इस योजना के पूरा होने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। दोनों गांव की शिकायत पर सोमवार को बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल गांव में पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनी।

ग्रामीणों ने बिजली समस्या से अवगत कराया। मौके पर बिजली निगम के एसडीओ जोगिंदर सिंह मोर भी पहुंचे। सरपंचों ने बताया कि फिलहाल दतौड़ व गिझी गांव को बिजली हसनगढ़ में स्थित 33 केवी पॉवर हाउस से मिलती है। करीब 10 किलोमीटर लंबी लाइन होने की वजह से बारिश आंधी के कारण तार व पोल टूटने से कई कई घंटे बिजली नहीं आती। उनकी लाइन को सांपला से जोड़ा जाए। भाजपा नेता ने अधिकारी से कहा कि गांव की समस्या का समाधान के लिए दोनों गांव के लिए एक छोटा पॉवर हाउस बनाया जाए ताकि बार-बार कट और लाइन फाल्ट होने की समस्या ही खत्म हो जाए।



**रोहतक।** गांव दतौड़-गिझी के लोगों की समस्याएं सुनते हुए भाजपा नेता सतीश नांदल। फोटो : हरिभूमि

### पंचायत को देनी होगी जमीन

एसडीओ ने बताया कि अगर पंचायत पॉवर हाउस के लिए जमीन देती है तो बिजली निगम भी इसके लिए भी तैयार है। नांदल ने दोनों पंचायतों से कहा वे जल्द ही विभाग को जमीन का प्रस्ताव दें। गांव के विकास में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। सरपंच सुखबीर ने कहा कि वह एक सप्ताह के अंदर निगम को जमीन का प्रस्ताव भेज देंगे।

### हसनगढ़ से दी जा रही है बिजली

एसडीओ जोगिंदर मोर ने बताया कि 8 वर्ष पहले दोनों गांव की बिजली हसनगढ़ से चालू की गई थी। रूटीन में 20 से 22 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है। अगर पंचायत प्रस्ताव देती हैं तो दोनों गांव के लिए अलग से पॉवर हाउस बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। अगर योजना सिरे चढ़ती है तो दोनों गांव के 8 हजार लोगों को पूरी बिजली मिलेगी और बिजली कटों से भी छुटकारा मिलेगा।

# लिव इन रिलेशनशिप पर प्रतिबंध लगाने की मांग



महम। बैठक में भाग लेते चौबीसी सर्वखाप पंचायत प्रतिनिधि।

■ बैठक में हिन्दू विवाह एक्ट 1955 में बदलाव करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

चौबीसी सर्वखाप पंचायत ने केंद्र व प्रदेश सरकार से हिंदू विवाह अधिनियम में बदलाव करने और लिव इन रिलेशनशिप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस मुद्दे पर सोमवार को महम में चौबीसी सर्वखाप पंचायत की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता खाप प्रधान सुभाष नंबरदार ने की। बैठक में हिन्दू विवाह एक्ट 1955 में बदलाव करने की मांग की गई। कहा कि समगौत्र, गांव व गुहांड में विवाह पर रोक लगाई जाए। महासचिव मास्टर रामफल राठी ने बताया कि तत्कालीन खाप प्रधान चौधरी सूरत सिंह के कार्यकाल से लेकर अब तक खाप द्वारा सरकार से हिन्दू विवाह अधिनियम में बदलाव की मांग की जाती रही है।